## संक्षिप्त

### पालिका कार्यालय परिसर जगमगाया

**नरैना, (निसं)।** कस्बे व आसपास के क्षेत्र के निजी व सरकारी कार्यालयों, विद्यालयों में 74 वां गणतंत्र दिवस आज बड़े ही हर्षोल्लास के साथ मनाया जायेगा। विद्यालयों में विभिन्न देशभक्ति व सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित होंगे। गणतंत्र दिवस की पूर्व संध्या पर नगरपालिका कार्यालय परिसर को रंगबिरंगी रोशनी से सजाया गया है।पालिआ परिसर व रामलीला मैदान मे कलाकारो द्वारा चित्रकारी भी की गई है। नगरपालिका अध्यक्ष पीर मोहम्मद ने बताया कि पालिका कार्यालय पर आज प्रात: 8:15 बजे ध्वजारोहण किया जायेगा।

### राष्ट्रीय मतदाता दिवस मनाया

**कोटपूतली, (निसं)।** स्थानीय राजकीय एलबीएस पीजी महाविद्यालय के छात्रावास नंबर 01 के छात्रों द्वारा लोगों को जागरूक करने के लिए स्लोगनों के माध्यम से पोस्टर लेखन कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस मौके पर छात्र अजय सिंह राठौड़, अमित मीणा, नवीन सैनी, संजय मीणा, लोकेश मीणा, सचिन मीणा, सचिन यादव, रविंद्र बाकोलिया, जतिन गुर्जर, मनीष, विनोद गुर्जर, संजू गुर्जर, जगदीश बाकोलिया समेत अन्य मौजूद रहे।

# पोक्सो एक्ट के आरोपी का मृत्यु प्रमाण पत्र बनवाने वालों पर कार्रवाई की मांग

**लालसोट, (निसं)।** पोक्सो एक्ट के आरोपी को बचाने की बजह से उसके परिजनों द्वारा ग्राम पंचायत के सहयोग से जिंदा व्यक्ति का ही मृत्यु प्रमाण पत्र जारी कराने के लिए निर्झरना तहसील से जारी की गई अनुज्ञा पत्र के सार्वजनिक होने के बाद बवाल खड़ा हो गया है।

सवासा ग्राम पंचायत के ग्रामीणों ने इस मामले में मुकदमा दर्ज कराने एवं संबंधित दोषियों पर कार्रवाई की मांग को

- **ग्रामीण प्रदर्शन कर अनिश्चितकालीन धरने पर बैठे**

लेकर सैकड़ों ग्रामीण निर्झरना तहसील के मुख्य द्वार पर अनिश्चितकालीन धरना प्रदर्शन पर बैठ गए हैं। बुधवार को एक शिष्टमंडल द्वारा जिला कलेक्टर को ज्ञापन सौंपकर गलत तरीके से जारी हुई इस अनुज्ञा के दोषियों पर कार्रवाई की मांग की गई। वहीं ग्रामीणों का आरोप है कि पोक्सो एक्ट का आरोपी वर्तमान सरपंच ममता देवी मीणा के परिवार से ताल्लुक रखता है। ऐसे में सरपंच द्वारा जानते बूझते हुए पोक्सो एक्ट के जिंदा आरोपी को बचाने की गरज से मृत्यु प्रमाण पत्र बनाने के लिए तहसील को अनुशंसा भेज कर मृत्यु प्रमाण पत्र बनाने के लिए अनुज्ञा पत्र तहसील प्रशासन से जारी करवा लिया गया। वहीं ग्रामीणों द्वारा शिकायत एवं मीडिया में शिकायत आने के बाद प्रशासन द्वारा अनुज्ञा पत्र को निरस्त कर दिया गया।

लेकिन सामाजिक कलंक के रूप में पोक्सो एक्ट जैसे गंभीर मुकदमे के आरोपी को बचाने को लेकर किया गया कृत्य अब ग्रामीणों को रास नहीं आया एवं संबंधित दोषियों पर कार्रवाई की मांग को लेकर ग्रामीणों द्वारा निर्झरना तहसील के मुख्य द्वार पर धरना प्रदर्शन शुरू करते हुए प्रशासन के खिलाफ दोषियों को बचाने की मंशा से अब तक मामला दर्ज नहीं कराने पर खिलाफ नारेबाजी करते हुए दोषियों पर नामजद मामला दर्ज नहीं होने पर सड़क जाम कर आंदोलन की चेतावनी दी गई है। वहीं गणतंत्र दिवस के रोज इस तरह धरना प्रदर्शन को देख प्रशासन के भी हाथ-पांव फूले हुए हैं एवं प्रशासनिक अधिकारी भी इस मामले से गली निकाल बचने का प्रयास कर रहे हैं। पूर्व सरपंच जगदीश मीणा संवासा, घनश्याम मीणा, जगदीश मीणा, लक्ष्मी नारायण हजट्यया, ग्यारसी लाल मीणा पन्ना लाल मीणा राजू हिंगोटा , परशुराम मीणा कजोड़ पिठाला सांवरमल मोटरवाला रामफूल मीणा बाबू लाल मीणा शम्भू लाल शर्मा , श्योराम राखला धोल्या पोकरी , श्याम सुन्दर कटारा लाल्या ध्यावना जगदीश बन्दा वाले , भोरी लाल मालदेखा , दयाराम मीणा रामफूल नया गांव रघुनाथ रामस्वरूप पुराना गांव शिव दयाल शर्मा मुकेश घुनसी नाथू लाल ध्यावना सांवलराम राखला आदि लोग मौजूद रहे।



लालसोट के निर्झरना तहसील के मुख्य द्वार पर फर्जी अनुज्ञा जारी करने के विरोध में एवं कानूनी कार्रवाई की मांग को लेकर ग्रामीणों ने प्रदर्शन किया।

## चिकित्सा मंत्री आज करेंगे हाथ से हाथ जोड़ो अभियान का आगाज

**लालसोट, (निसं)।** गणतंत्र दिवस के मौके पर उपखंड मुख्यालय से गुरुवार को हाथ से हाथ जोड़ो अभियान का शुभारंभ राजस्थान सरकार के चिकित्सा व स्वास्थ्य एवं आबकारी मंत्री परसादी लाल मीणा के द्वारा लालसोट नगर में किया जाएगा।

ब्लॉक अध्यक्ष रामफूल सैनी ने जानकारी देते हुए बताया कि सभी कांग्रेस जन शाम 5 बजे संस्कृत महाविद्यालय पुलिस थाने के सामने लालसोट में उपस्थित होंगे एवं लालसोट नगर के सभी 18 बूथों के कांग्रेसी कार्यकर्ता एवं लालसोट विधानसभा क्षेत्र के समस्त मंडल अध्यक्ष एवं लालसोट ब्लॉक कांग्रेस कमेटी ,चांदसेन कांग्रेस कमेटी ,लालसोट नगर कांग्रेस कमेटी, विधानसभा क्षेत्र लालसोट के समस्त पंचायत समिति सदस्य, नगर पालिका पार्षद, जिला परिषद सदस्य, यूथ कांग्रेस लालसोट, महिला कांग्रेस लालसोट, सेवादल लालसोट, एनएसयूआई एवं विधानसभा क्षेत्र लालसोट के समक्ष कांग्रेसी कार्यकर्ता एवं पदाधिकारी हाथ से हाथ जोड़ो अभियान के शुभारंभ के मौके पर मौजूद रहेंगे।

# पाइप लाइन बिछाने में भेदभाव करने का आरोप



नारायणपुर में सहायक अभियंता कार्यालय पर ग्रामीणों ने विरोध प्रदर्शन किया

**नारायणपुर, (निसं)।** कस्बे के टीबा ऊपर मोहल्ले में जलदाय विभाग द्वारा बिछाई जा रही पानी की पाइप लाइन में ग्रामीणों ने जलदाय विभाग पर भेदभाव पूर्ण तरीके से कार्य करने का आरोप लगाया है।

- **ग्रामीणों ने आरोप लगाया कि ठेकेदार व विभाग द्वारा संपूर्ण लाइन नहीं बिछाई जा रही है**

बुधवार को दर्जनों ग्रामीण व महिलाओं ने सहायक अभियंता कार्यालय पहुंचकर विरोध प्रदर्शन किया। ग्रामीणों ने बताया कि ठेकेदार द्वारा जलदाय विभाग कार्यालय से पीर बाबा के मंदिर तक पानी की पाइप लाइन डाला जाना प्रस्तावित था। लेकिन ठेकेदार व विभाग द्वारा संपूर्ण लाइन नहीं बिछाई जा रही हैं। जिससे मोहल्लेवासियों ने मिलीभगत का आरोप लगाया हैं। इतना ही नहीं ठेकेदार द्वारा पिछले एक सप्ताह से पाइप लाइन व सीसी सड़क रास्ते को खोद रखा हैं। जिससे ग्रामीणों को आने-जाने और पेयजल की समस्या का सामना करना पड़ रहा हैं। वहीं बुधवार को गुस्साए ग्रामीण सहायक अभियंता कार्यालय पर पहुंचे लेकिन वहां पर एईएन और जेईएन नदारद मिले। जिससे ग्रामीणों में विभाग के प्रति रोष बना हुआ हैं। वहीं गुस्साए ग्रामीणों ने बताया कि पुरानी लाइन में रसूकदार लोगों ने अवैध कनेक्शन किए हुए हैं। अगर विभाग द्वारा वहाँ से नई पाइप लाइन डाल दी जाए तो रसूखदार लोगो के अवैध कनेक्शन हट जाते हैं। जिसके कारण ठेकदार व विभाग संपूर्ण लाइन को नही डाल रहा। ग्रामीणों ने बताया कि जल्दी विभाग और ठेकेदार द्वारा बिछाई जा रही पाइप लाइन सम्पूर्ण नहीं बिछाई गई तो आंदोलन किया जायेगा। इधर सहायक अभियंता युवराज सैनी ने बताया कि गर्मियों के समय में होने वाली परेशानियों को देखते हुए अंतिम जोर पर जहाँ पानी की समस्या रहती है, उन जगहों को चिन्हित कर पाइप लाइन बिछाकर सुधार के प्रयास किये जा रहे हैं ।इस मौके पर मकबूल खान, अमृत लाल जांगिड़, हजारी लाल, मक्खन लाल, बनवारी लाल वर्मा, देवेंद्र गोठवाल, चौथी देवी, गीता, मीरा, बिशना, मीना देवी, सुरजी देवी, रामबाबू, गणपत जांगिड़, विनोद जांगिड़, शंकर जांगिड़ आदि लोग मौजूद थे।

## आश्रितों को 1-1 लाख रुपये की सहायता

**टोंक, (नि.स.)।** जिला कलेक्टर चिन्मयी गोपाल ने अलग-अलग दुर्घटनाओं में मृतक 4 व्यक्तियों के आश्रितों को मुख्यमंत्री सहायता कोष से 1-1 लाख रुपये की आर्थिक सहायता स्वीकृत की है। दुर्घटना में मृतक शंकर पुत्र घासी नायक निवासी ग्राम पराना तहसील टोंक, मृतक विजय पुत्र पप्पूलाल निवासी ग्राम बीजवाड तहसील देवली, मृतका छोटा पत्नी कजोडमल माली, निवासी ग्राम ढाणी जुगलपुरा तहसील निवाई एवं मृतक आनंद पुत्र राजाराम शर्मा निवासी ग्राम अलियाबाद तहसील निवाई के आश्रितों को आर्थिक सहायता स्वीकृत की है।

# राष्ट्रीय मतदाता दिवस पर शपथ दिलाई

**चाकसू, (निसं)।** बुधवार को कस्बा स्थित रा.उ.मा.विद्यालय प्रांगण में 13 वां राष्ट्रीय मतदाता दिवस ,वार्षिकोत्सव एवं पारितोषिक वितरण समारोह आयोजित किया गया।

मुख्य अतिथि निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण पदाधिकारी (एसडीएम) अशोक कुमार रिणवा ने विद्यार्थियों को राष्ट्रीय मतदाता दिवस की जानकारी एवं महत्व को समझाते हुए कहा कि मतदान के प्रति लोगों की उदासीनता को दूर करने के लिए राष्ट्रीय मतदाता दिवस मनाया जाता है जिसमें मतदाताओं को मतदान के लिए जागरूक किया जाता है। मुझे खुशी है बीएलओ सहित सभी ने मिलकर क्षेत्र में लगभग 12,753 नए मतदाता जोड़े हैं। आगामी चुनाव तक जिनकी उम्र 18 वर्ष हो जाएगी उनके भी फार्म भर दिए गए हैं।

सीबीईओ हनुमान सहाय मीणा ने राष्ट्रीय मतदाता दिवस और वार्षिकोत्सव एक ही दिन मनाने को हर्ष और उल्लास का दिन बताते हुए कहानी के माध्यम से कैसे प्रजा में से राज्य का राजा चुना जाता है को सुनाकर विद्यार्थियों को लक्ष्य बनाकर पढ़ाई पर ध्यान केंद्रित करने एवं मतदान के प्रति जागरूक करने का संदेश दिया। नोडल

- **नव मतदाताओं को पहचान पत्र वितरित कर सभी को मतदान की शपथ दिलाई**
- **वार्षिकोत्सव में विद्यार्थियों द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए**

प्रधानाध्यापक रामलाल मीणा ने विद्यालय वार्षिक प्रगति एवं धन्यवाद ज्ञापित किया कार्यक्रम के दौरान विद्यार्थियों द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए शिक्षकों ने गीत और कविताओं के माध्यम से शिक्षा का संदेश दिया।

अतिथियों ने नव मतदाताओं को पहचान पत्र वितरित कर सभी को मतदान की शपथ दिलाई। सर्वश्रेष्ठ कार्य करने पर बीएलओ दिनेश शर्मा,चंद्रमोहन व्यास,गिर्राज यादव ,सूरज करण जाट,संजय तवंर गौतम संगत एवं विद्यालयों कार्यो में सर्वश्रेष्ठ सहयोग देने का दिनेश शर्मा, चित्रगुप्त नारोलिया सहित विद्यालय के होनहार विद्यार्थियों शिक्षकों और भामाशाहों को सम्मानित किया।

## बीएलओ व सुपरवाइजर का सम्मान

**मालपुरा, (निसं)।** बुधवार को 13वें राष्ट्रीय मतदाता दिवस पर निर्वाचन विभाग मालपुरा कार्यालय द्वारा पंचायत समिति सभागार में जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण पदाधिकारी एवं एसडीएम रामकुमार वर्मा ने सराहनीय सेवा कार्य करने वाले 11 बीएलओ व 2 सुपरवाईजर सहित 5 विधार्थियो को स्वीप गतिविधियों मे अव्वल रहने पर सम्मानित किया गया। साथ ही दिव्यांग मतदाताओ को भी सम्मानित कर मतदान के प्रति जागरूकता की शपथ दिलाई गई। इस दौरान तहसीलदार सहदेव मंडा,विकास अधिकारी सतपाल कुमावत,प्रधानाचार्य गिरधर सिंह,विष्णु बारेठ,आदि ने राष्ट्रीय मतदाता दिवस पर जागरूकता संदेश दिया।

## पुलिस ने आठ सटोरियों को गिरफ्तार किया

**फागी, (निसं)।** कस्बे में चल रहे अवैध सट्टा कारोबार को भंडाफोड करते हुए फागी पुलिस ने आठ लोगों को गिरफ्तार किया है।

जिला पुलिस अधीक्षक जयपुर ग्रामीण मनीष अग्रवाल ने बताया कि फागी कस्बे में चल रहे अवैध सट्टा कारोबार की जानकारी मिलने पर अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक दूदू दिनेश शर्मा व दूदू वृत्ताधिकारी जुलफीकार अली के निर्देशन में फागी थानाधिकारी भंवर लाल वैष्णव के नेतृत्व में टीम बनाकर थाना इलाके में क्रिकेट मैचों के दौरान आनलाइन सट्टा चलाने वाले लोगों के सम्बध में जानकारी प्राप्त करते हुए भारत न्यूजिलैण्ड वनडे क्रिकेट श्रंखला के दौरान मकान किराये पर लेकर क्रिकेट सट्टा चलाने वाली गैंग के आठ लोगों को गिरफ्तार किया।

उनके कब्जे से 17 मोबाइल, चार लैपटॉप, लाखों रूप्ये के हिसाब किताब के तीन रजिस्टर पेन ड्राइव डेबिट कार्ड जब्त किये। पूछताछ के दौरान अभियुक्तों ने बताया कि वे लोग आपस में मिलीभगत कर बडे सटोरियों से क्रिकेट सट्टे की फोन पर लाइन लेकर विभिन्न फोनो में फर्जी दस्ताबेजों के आधार पर सिम प्राप्त कर क्रिकेट सट्टा लगाकर लोगों से छल व धोखाधडी कर रूपये कमाते हैं तथा बडे शहरों में पुलिस की ज्यादा निगरानी होने के कारण छोटे गांव या कस्बों में कमरा किराये पर लेकर सट्टे का कारोबार चलाते है।

पकड़े गये सटोरियों में बद्रीलाल पुत्र गोपाल कहार निवासी डाबर कला देवली टोंक, सतेन्द्र सिंह पुत्र चांद सिंह निवासी मूंडोता नागौर, नन्दभंवर सिंह पुत्र षिवराज सिंह निवासी कुन्हाडी कोटा, मो. समीर पुत्र मो सईद निवासी भट्टा बस्ती जयपुर, अंकित पुत्र कृष्णकुमार जाट निवासी भूसाण जिला भिवानी हरियाणा, मनीष पुत्र दलबीर सिंह जाट निवासी भूसाण जिला भिवानी हरियाणा, प्रवीण कुमार पुत्र सतपाल सिंह जाट निवासी भूषाण जिला भिवानी हरियाणा, अश्विनी कुमार पुत्र विजय कुमार जाट निवासी टोडी हरमाडा जयपुर है।


नम्बर मिलाइए 9587884433



सिर्फ एक फोन कॉल पर विज्ञापन घर बैठे बुक करायें।



पूर्व प्रधान रंगराव यादव पंचायत समिति बहरोड की तरफ से समस्त बहरोड विधानभा क्षेत्रवासियों को सन् 2023 के गणतंत्र दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं



रंगराव यादव
पूर्व प्रधान पंचायत समिति
बहरोड अलवर राजथान



स्व. सुजान सिंह यादव
पूर्व केबिनेट मंत्री, राजस्थान सरकार





भंवर जितेन्द्र
राहुल गांधी
अशोक गहलोत
सुखविन्दर सिंह रंधावा
सचिन पायलेट
गोविन्द सिंह डोटासरा
योगेश मिश्रा

अलवर जिले की मुण्डावर विधानसभा क्षेत्रवासियों को गणतंत्र दिवस की शुभकामनाओं के साथ 6 फरवरी को मुण्डावर पंचायत समिति परिसर में पूर्व सांसद महिन्द्रा कुमारी की जयन्ती पर कृषि की नहर की मांग हेतु जनसभा में आमंत्रण



रोहिताश चौधरी
पूर्व प्रधान पंचायत समिति मुण्डावर



**आईडीएफसी फर्स्ट बैंक लिमिटेड**
(पूर्व में कैपीटल फर्स्ट लिमिटेड व आईडीएफसी बैंक लिमिटेड के साथ सम्मिलित)
CIN : L65110TN2014PLC097792
पंजीकृत कार्यालय - केआरएम टॉवर्स, 8वीं मंजिल, हैरिंगटन रोड, चेटपेट, चैन्नाई-600031
फोन- +91 44 4564 4000 | फैक्स- +91 44 4564 4022

IDFC FIRST Bank

**परिशिष्ट-IV [नियम 8 (1)]**
**कब्जा नोटिस**
**(अचल सम्पत्ति का)**

चूंकि अधोहस्ताक्षरकर्ता आईडीएफसी फर्स्ट बैंक लिमिटेड (पूर्व में कैपीटल फर्स्ट लिमिटेड व आईडीएफसी बैंक लिमिटेड के साथ सम्मिलित) के प्राथिकृत अधिकारी है अतः वित्तीय आस्तियों के प्रतिभूतिकरण व पुर्न निर्माण एवं प्रतिभूति ब्याज प्रवर्तन अधिनियम, 2002 तथा उपर्युक्त कथित अधिनियम की धारा 13 (12) के साथ पठित प्रतिभूति ब्याज (प्रवर्तन) अधिनियम 2002 के नियम 3 के तहत प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए दिनांक 28.09.2022 को एक मांग पत्र कर्जदारों, सह-कर्जदारों एवं जमानतियों 1. चौथरी आयरन एण्ड स्टील, 2. श्रीमती आशा देवी, 3. श्री कैलाश चन्द, 4. श्री रामस्वरूप, 5. श्री सीताराम चौधरी को जारी किया गया था, जिसमें 27.09.2022 की तिथी को देय, मांगपत्र में उल्लेखित राशी रूपये 63,54,029.05/- (रूपये तिरेसठ लाख चौवन हजार उन्तीस रूपये और पैसे पांच मात्र) का भुगतान उपयुक्त नोटिस प्राप्ती के 60 दिन के अन्दर करने को कहा गया था।

चूंकि कर्जदार उक्त राशि को वापस चुकाने में विफल रहे है अतः कर्जदारों एवं जनसाधारण को नोटिस के माध्यम से सूचित किया जाता है कि कथित अधिनियम की धारा 13 की उपधारा (4) के साथ पठित प्रतिभूति ब्याज (प्रवर्तन) नियम, 2002 के नियम 8 जिसका नोटिस में उल्लेख किया गया है के तहत अधोहस्ताक्षरकर्ता को प्राप्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए उन्होंने यहां निम्न वर्णित संपत्तियों के आज जनवरी 2023 के 19 वें दिन भौतिक रूप से अपने कब्जे/अधिकार में ले लिया है।

विशेष रूप से कर्जदारों एवं आम जनता को एतद्द्वारा सावधान किया जाता है कि वे इन सम्पत्तियों का सौदा लेनदेन नहीं करें तथा इस सम्पत्ति का किसी भी प्रकार से खरीद-बिक्री करने पर उसे आईडीएफसी फर्स्ट बैंक लिमिटेड (पूर्व में कैपीटल फर्स्ट लिमिटेड व आईडीएफसी बैंक लिमिटेड के साथ सम्मिलित) की प्रभारित शर्तों के अधीन राशी रूपये 63,54,029.05/- (रूपये तिरेसठ लाख चौवन हजार उन्तीस रूपये और पैसे पांच मात्र) का भुगतान उस पर प्रभारित ब्याज सहित करना होगा।

कर्जदारों का ध्यान उक्त अधिनियम की धारा 13 की उपधारा (8) के प्रावधानों की ओर आकर्षित किया जाता है जिसमें प्रतिभूतिकृत सम्पत्तियों को मुक्त करने के बारे में उपलब्ध समयावधि का उल्लेख है।

**अचल सम्पत्तियों का विवरण**

सम्पत्ति-1- प्लाट नं. 551, डेयरी फार्म, ग्राम सूरजपुरा, भट्ठावाला, तहसील सांगानेर, जयपुर का पूरा एवं प्रत्येक भाग, क्षेत्रफल 202.50 वर्गमीटर, और सीमाये है-उत्तर-रोड 12 मीटर, दक्षिण -रोड 09 मीटर, पूर्व- प्लाट नं. 550, पश्चिम-प्लाट नं. 552

सम्पत्ति-2 - प्लाट नं. 552, डेयरी फार्म, ग्राम सूरजपुरा, भट्ठावाला, तहसील सांगानेर, जयुर का पूरा एवं प्रत्येक भाग, क्षेत्रफल 202.50 वर्गमीटर और सीमायें है उत्तर-रोड 12 मीटर, दक्षिण-रोड 09 मीटर, पूर्व-पलाट नं. 551, पश्चिम-प्लाट नं. 553

दिनांक - 19 जनवरी 2023
स्थान-जयपुर
ऋण खाता संख्या-32836810 एवं 23616950

प्राधिकृत अधिकारी, आईडीएफसी फर्स्ट बैंक लिमिटेड
(पूर्व में कैपीटल फर्स्ट लिमिटेड व आईडीएफसी बैंक लिमिटेड के साथ सम्मिलित)



**कार्यालय नगरपालिका मालपुरा जिला टोंक (राज.)**

**गणतन्त्र दिवस 26 जनवरी 2023 की हार्दिक शुभकामनाऐं**



अशोक गहलोत
मुख्यमंत्री

**अपील**



शांति धारीवाल
यू.डी.एच. मंत्री

- प्रशासन शहरों के संग अभियान- राज्य सरकार के आदेशानुसार नगरपालिका मालपुरा द्वारा प्रशासन शहरों के संग अभियान चलाया जा रहा है। राज्य सरकार द्वारा पट्टा आवेदन प्रक्रिया का सरलीकरण कर ऐतिहासिक छूटे प्रदान की जा रही है। आमजन से अपील की जाती है कि अपने मकान/भूखण्ड का पट्टा अवश्य बनाये और सरकार की योजनाओं का लाभ उठायें।
- इन्दिरा गांधी शहर गारंटी योजना- नगरपालिका मालपुरा में आज तक 1100 से अधिक जॉबकार्ड जारी किये जा चुके है। जॉबकार्ड धारकों से अनुराध है कि कार्य की मांग हेतु अपने नजदीकी ई-मित्र पर संपर्क करें।
- इन्दिरा रसोई योजना- माननीय मुख्यमंत्री महोदय राजस्थान सरकार की मंशा 'कोई भूखा ना सोये' के तहत नगरपालिका मालपुरा क्षेत्र के बस स्टेण्ड स्थित बैरवा धर्मशाला, कोर्ट परिसर स्थित, केटिन नवीन सामुदायिक स्वाथ्य केन्द्र मालपुरा परिसर स्थित धर्मशाला में इन्दिरा रसोई में मात्र 8 रूपये स्वादिष्ट एवं पौष्टिक भोजन उपलब्ध करवाया जा रहा है। उक्त योजना का लाभ उठायें।
- इन्दिरा गांधी शहरी क्रेडिट कार्ड योजना- इन्दिरा गांधी शहरी क्रेडिट कार्ड योजना के अन्तर्गत शहरी क्षेत्र में निवास करने वाले स्ट्रीट वेण्डर्स, अनोचारिक क्षेत्र में सेवाऐं उपलब्ध करवाने वाले लोगों एवं बेरोजगार युवाओं जिनकी उम्र 18 से 40 वर्ष के मध्य हो तथा बेरोजगारी भत्ता नहीं मिल रहा है, उनको बैंकों के माध्यम से 50000 रूपये तक का ब्याज मुक्त ऋण एक वर्ष की अवधि के लिए उपलब्ध करवाया जा रहा है। इन्दिरा गांधी शहरी क्रेडिट कार्ड के लिए अपने नजदीकी ई-मित्र पर संपर्क किया जा सकता है।
- दिनांक 01 जुलाई 2022 से सिंगल यूज प्लास्टिक पूर्ण रूप से प्रतिबंधित है। प्रतिबन्धित प्लास्टिक जैसे छडियों से लैस ईयर बड्स, प्लास्टिक के झण्डे, आईस्क्रीम की छडिया सजावट के लिए पॉलिस्टिरिन (थर्माकॉल) प्लेट, कप, गिलास, कांटे, चम्मत, चाकू, स्ट्रा, ट्रे एवं अन्य समस्त (डिस्पोजल) आदि का उपयोग न करें, उक्त के विकल्प अपनाये। सिंगल यूज प्लास्टिक के विकल्प अपनाकर स्वस्थ भविष्य बनायें।
- स्वच्छ भारत मिशन 20-स्वच्छ भारत मिशन के अन्तर्गत नगरपालिका मालपुरा क्षेत्र में घर-घर कचरा संग्रहण हेतु ऑटो टीपर का संचालन किया जा रहा है। नगरवासियों से अनुरोध है कि अपने घरो/दुकानों एवं ठेलो से एकत्रित कचरा नगरपालिका के कचरा संग्रहण वाहन में ही डाले तथा मालपुरा को स्वच्छ एवं स्वस्थ बनाने में अपना योगदान दें।



आशा नामा
अध्यक्ष
नगरपालिका मालपुरा

राजपाल बुनकर
अधिशाषी अधिकारी
नगरपालिका मालपुरा ( टोंक )



पवन कुमार मेन्दवास्या
उपाध्यक्ष
नगरपालिका मालपुरा